देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित

www.page3news.in

नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 125 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...
ऑनलाइन प्लैटफॉर्म




# पेज श्री

देहरादून, शुक्रवार, 14 अगस्त 2020



PAGE 3 PUBLICATION

मौसम अधिकतम 29.0⁰ न्यूनतम 24.0⁰

38040.57

2 अमेरिका ने तैनात किए घातक बॉम्बर

7 कोहली ने पूछा था–यह कैसा बोलर है ?

## संक्षिप्त समाचार

### महंत नृत्य गोपाल दास को कोरोना, मेदांता अस्पताल शिफ्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। वह कृष्ण जन्माष्टमी के कार्यक्रम में शामिल होने मथुरा गए थे। सीएम योगी ने उनकी सेहत के बारे में फोन करके जानकारी ली है। महंत को मेदांता अस्पताल में शिफ्ट किया गया है। मथुरा के डीएम का कहना है, श्महाराज जी को कुछ फीवर था। तत्काल डॉक्टरों की टीम यहां भेजी गई। उन लोगों ने छानबीन की, दवाइयां भी दीं। फीवर नॉर्मल है इस वक्त। सांस लेने में हल्की समस्या है। ऑक्सीजन लेवल भी सैचुरेटेड है। कोई ऐसी गंभीर बात नहीं है।

### दंगाइयों ने सभी पुलिसवालों को मारने का था प्लान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बेंगलुरु। मंगलवार की रात हुई बेंगलुरु हिंसा में बड़ी बात निकलकर सामने आई है। पुलिस की माने तो 5 दंगाइयों ने 300 लोगों का गैंग बनाया था। उनका प्लान सभी पुलिसवालों को जान से मारने का था। हमलावरों ने हिंसा के दौरान पुलिस को निशाना बनाने के लिए गुरिल्ला जैसी तकनीक का इस्तेमाल किया। बेंगलुरु हिंसा में जो कुछ हुआ वह कई पुराने पुलिसकर्मियों ने बहुत दिनों बाद देखा होगा। वहीं नए भर्ती हुए पुलिस कर्मियों के लिए यह एक चौंकाने वाला अनुभव रहा।

### त्यागी के निधन पर घिरे संबित पात्रा, शिकायत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लखनऊ। कांग्रेस प्रवक्ता राजीव त्यागी की मौत के मामले में बीजेपी प्रवक्ता संबित पात्रा के खिलाफ लखनऊ में एफआईआर दर्ज कराने के लिए तहरीर दी गई। यूपी कांग्रेस के प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने लखनऊ स्थित हजरतगंज कोतवाली में बीजेपी नेता संबित पात्रा, टीवी न्यूज चौनल आजतक के प्रमोटर और एंकर के खिलाफ साजिशन हत्या का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है। बता दें कि बुधवार को टीवी न्यूज चौनल में डीबेट के बाद राजीव त्यागी को दिल का दौरा पड़ा और उनका निधन हो गया।

# ईमानदार टैक्सपेयर्स को तोहफा

## पीएम मोदी ने फेसलेस टैक्स असेसमेंट स्कीम की शुरुआत की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पीएम मोदी ने गुरूवार को ट्रांसपैरेंट टैक्सेशन प्रोग्राम की लॉन्चिंग की। इसके तहत 3 सुविधाएं शुरू की गई हैं, जो फेसलेस असेसमेंट, फेसलेस अपील और टैक्सपेयर्स चार्टर हैं। फेसलेस असेसमेंट और टैक्सपेयर्स चार्टर अभी से लागू हो गए हैं, जबकि फेसलेस अपील 25 सितंबर से लागू होगी। इस नए सिस्टम के जरिए ईमानदार टैक्सपेयर्स को मजबूत करने की कोशिश की जा रही है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि टैक्सपेयर्स चार्टर देश की विकास यात्रा में बहुत बड़ा कदम है। उन्होंने कहा, अब टैक्सपेयर को उचित, विनम्र और तर्कसंगत व्यवहार का भरोसा दिया गया है। यानी आयकर विभाग को अब टैक्सपेयर की गरिमा का, संवेदनशीलता के साथ ध्यान रखना होगा। अब टैक्सपेयर की



बात पर विश्वास करना होगा, डिपार्टमेंट उसको बिना किसी आधार के ही शक की नजर से नहीं देख सकता।

पीएम मोदी ने लोगों को टैक्स देने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा, इन सारे प्रयासों के बीच बीते 6–7 साल में इनकम टैक्स रिटर्न भरने वालों की संख्या में करीब ढाई करोड़ की वृद्धि हुई है। लेकिन ये भी सही है कि 130 करोड़ के देश में ये अभी भी बहुत कम है। उन्होंने कहा, जो टैक्स देने में सक्षम हैं, लेकिन अभी वो टैक्स नेट में नहीं है, वो स्वप्रेरणा से आगे आएं, ये मेरा आग्रह है और उम्मीद भी। आइए, विश्वास के, अधिकारों के, दायित्वों के, प्लेटफॉर्म की भावना का सम्मान करते हुए, नए भारत, आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सिद्ध करें।

**टैक्सपेयर चार्टर का मतलब क्या?** पीएम मोदी ने टैक्सपेयर चार्टर को देश की विकास यात्रा में एक बड़ा कदम कहा है। वह बोले कि ये टैक्सपेयर के अधिकार और कर्तव्यों को संतुलित करने का कदम है। टैक्स पेयर को इस स्तर का सम्मान और सुरक्षा देने वाले बहुत ही कम गिने चुके देश हैं और अब भारत भी उसमें शामिल हो गया है। टैक्सपेयर की बात पर विश्वास करना होगा। अगर किसी पर शक है तो टैक्सपेयर को अब अपील और समीक्षा का अधिकार दिया गया है।

### फेसलेस अपील क्या है ?

पीएम मोदी ने पारदर्शी टैक्स व्यवस्था के तहत फेसलेस अपील की सुविधा भी शुरू करने की बात की है, जो 25 सितंबर से लागू होगी। इसके तहत टैक्सपेयर अपील कर सकेंगे। इसके फेसलेस होने का मतलब है कि ये किसी अधिकारी को पता नहीं चलेगा कि अपील करने वाला शख्स कौन है। सब कुछ कंप्यूटर से तय होगा तो किसी चहेते के पास केस या अपील को नहीं भेजा जा सकता है। 25 सितंबर से जब इसकी शुरुआत होगी, तो इस बारे में और जानकारियां भी सरकार की तरफ से शेयर की जाएंगी।

### फेसलेस असेसमेंट को समझें ?

फेसलेस का मतलब टैक्सपेयर कौन है और आयकर अधिकारी कौन है, उससे कोई मतलब नहीं होना चाहिए। पहले शहर का ही आयकर विभाग छानबीन करता था, लेकिन अब किसी भी राज्य या शहर का अधिकारी कहीं की भी जांच कर सकता है। ये सब भी कंप्यूटर से तय होगा कि कौन सा टैक्स असेसमेंट कौन करेगा। यहां तक कि असेसमेंट से निकला रिव्यू भी किस अधिकारी के पास जाएगा, ये किसी को पता नहीं होगा। इसका सबसे बड़ा फायदा ये होगा कि आयकर अधिकारियों से जान पहचान बनाने और दबाव बनाने के हथकंडे भी नहीं चलेंगे। इससे अनावश्यक मुकदमेबाजी से भी बचा जा सकेगा। उन लोगों के इससे दिक्कत होगी, जो गलत तरीके अपनाते थे और टैक्स नहीं भरते थे।

# गहलोत सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाएगी बीजेपी

## बीजेपी विधायक दल की बैठक में इस प्रस्ताव पर सहमति बनी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जयपुर। राजस्थान में अशोक गहलोत सरकार पर सियासी संकट खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। सचिन पायलट खेमे की वापसी के बाद अब बीजेपी सरकार के खिलाफ विधानसभा में अविश्वास प्रस्ताव लेकर आएगी। शुक्रवार से शुरू होने जा रहे विधानसभा सत्र में बीजेपी की ओर से अविश्वास प्रस्ताव लाने का ऐलान किया है। विपक्ष की इस चुनौती के बाद अब गहलोत सरकार को सरकार बचाने के लिए फ्लोर टेस्ट में बहुमत साबित करना होगा। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया ने बताया कि कांग्रेस सरकार अपने विरोधाभास से गिरेगी। पिछले एक महीने से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत बीजेपी पर यह झूठा आरोप लगा रहे हैं। लेकिन कांग्रेस दो फाड़ हो चुकी है और इनके आपस की अदावत से ही सरकार गिरेगी।

विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने गुरुवार को पार्टी की बैठक के बाद इसकी घोषणा की है। उधर, नेता गुलाबचंद कटारिया ने कहा है कि ये सरकार अब जल्द गिरने वाली है क्यों कि कांग्रेस अपने घर में टांका लगाकर कपड़े को जोड़ना चाह रही है, लेकिन कपड़ा फट चुका है।

**पायलट की घर वापसी लेकिन मुलाकात नहीं:** अशोक गहलोत से बगावत करने वाले विधायकों की दो दिन पहले श्घर वापसीश तो हो चुकी है लेकिन फिलहाल गहलोत और पायलट की मुलाकात नहीं होने भी राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बना हुआ है। बताया जा रहा है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर मंडरा रहा संकट अभी टला नहीं है। अभी पायलट गुट को साथ लेने और फ्लोर टेस्ट में उनकी असली परीक्षा बाकी है। बता दें कि राज्यपाल कलराज मिश्र ने एक आदेश जारी कर 15वीं राजस्थान विधानसभा का पांचवां सत्र शुक्रवार सुबह 11 बजे आहूत किया है।

### वसुंधरा राजे भी शामिल हुई बैठक में

भारतीय जनता पार्टी के विधायक दल की बैठक में गुरुवार को पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे भी शामिल हुईं। जबकि केंद्रीय नेतृत्व की ओर से प्रतिनिधि ने भी बैठक में मौजूद रहे। इससे पहले राजनीतिक गलियारों में बीजेपी में गुटबाजी की खबरें सुर्खियां बनी थीं। हालांकि इस बैठक में सभी नेता एकजुट नजर आए और इस एकजुटता और अविश्वास प्रस्ताव के ऐलान ने गहलोत खेमे में परेशानी बढ़ा दी है।

# विधानसभा सत्र 23 सितम्बर से देहरादून में होगा शुरू

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

देहरादून। राज्य कैबिनेट में उत्तराखंड उच्च न्यायालय के सेवा सेवानिवृत्त मुख्य न्यायधीश और न्यायधीश सेवक और मिनिस्ट्रियल भत्ते बढ़ाए जाने पर मुहर लगाई गई। साथ ही उत्तराखंड विधानसभा सत्र 23 से 25 सितंबर तक देहरादून में आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

राज्य कैबिनेट की बैठक में गुरुवार को 14 प्रस्तावों पर चर्चा हुई, जबकि एक प्रस्ताव अगली बैठक के लिए स्थगित किया गया। शासकीय प्रवक्ता मदन कौशिक ने जानकारी देते हुए बताया कि हाईकोर्ट से रिटायर होने वाले मुख्य न्यायाधीश, न्यायाधीशों के सेवक भत्तों और मिनिस्ट्रियल भत्तों में इजाफा होगा। हेमवंती नंदन बहुगुणा विश्वविद्यालय के कुलपति की उम्र 70 साल निर्धारित है।

इसे पूरा करने के बाद सेवा विस्तार नहीं दिया जाएगा। इसके अलावा एम्स ऋषिकेश के पास रोगी सहायता केंद्र भाऊराऊ, देवराऊ न्यास निराला नगर लखनऊ बनाएगा। इसके अलावा 1.43 हेक्टेयर भूमि वापस सिंचाई से लेकर वन विभाग को हस्तांतरित होगी।

वहीं,उत्तराखंड यौन अपराध और अन्य अपराधों से पीड़ित महिलाओं को लेकर प्रतिकर योजना को मंजूरी दी गई।

### कैबिनेट



**महत्वपूर्ण फैसले**

- उत्तराखंड उच्च न्यायालय के सेवा सेवानिवृत्त मुख्य न्यायधीश और न्यायधीश सेवक और मिनिस्ट्रियल भत्ते बढ़ाए जाने पर मुहर
- 1.43 हेक्टेयर भूमि वापस सिंचाई से लेकर वन विभाग को हस्तांतरित होगी

*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# रूसी वैक्सीन दे रही संकेत, हर टीके में खतरा?

**संवाददाता**

नई दिल्ली। रूस के कोरोना वैक्सीन बनाने के दावे के बाद से ही विवाद भी शुरू हो चुका है। अमेरिका से लेकर जर्मनी तक मास्को की वैक्सीन स्पूतनिक–वी पर शक जाहिर कर रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी रूस से कई सबूत मांग लिए हैं। इधर कई विशेषज्ञ वैक्सीन बनाने की हड़बड़ाहट में उसकी सुरक्षा और प्रभाव को लेकर भी सवाल उठा रहे हैं।

विशेषज्ञ भी हड़बड़ाहट में वैक्सीन नहीं बनाने की कर रहे हैं अपील

विशेषज्ञों के अनुसार, जबतक तीसरे स्टेज के डेटा पर चर्चा नहीं हो जाती वैक्सीन को सुरक्षित नहीं कहा जा सकता है। इस बीच, रूस ने कहा है कि उसे 20 देशों से करोड़ों डोज का ऑर्डर मिल चुका है।

**रूसी वैक्सीन में साइड इफेक्ट का दावा:** डेली मेल के रिपोर्ट के मुताबिक रूसी वैक्सीन केवल 38 वॉलंटियर्स को ही दिए गए हैं। वैक्सीन देने के बाद उनमें 144 तरह के साइड इफेक्ट का दावा अखबार ने किया है। यह भी कहा गया है कि ट्रायल के 42 वें दिन तक 31 वॉलंटियर्स में साइड इफेक्ट नजर आ रहे हैं।